हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

5 दिसंबर 2025, समय 18:10

मुख्य समाचार

- भारत और रूस ने रक्षा, व्यापार, अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, संस्कृति और मीडिया से जुड़े क्षेत्रों में कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्वास जताया कि भारत-रूस मैत्री वैश्विक चुनौतियों का सामना करने की शक्ति प्रदान करेगी।
- कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा- फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य लागत में मुनाफे का 50 प्रतिशत जोड़कर तय किया जाएगा।
- केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय कल से पंचकूला में 11 वें भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव का आयोजन करेगा।
- नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने इंडिगो उड़ानों के रद्द होने और देर होने से उत्पन्न हुई स्थिति की नागर विमानन नियंत्रण कक्ष को लगातार निगरानी करने के आदेश दिए।

****

भारत और रूस ने आज रक्षा, व्यापार, अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, संस्कृति और मीडिया से जुड़े क्षेत्रों में कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए। नई दिल्ली में 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि भारत-रूस मैत्री वैश्विक चुनौतियों का सामना करने की शक्ति प्रदान करेगी और यही विश्वास दोनों देशों का साझा भविष्य सुनिश्चत करेगा।

उन्होंने कहा कि भारत और रूस आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक एकता आतंकवाद के खिलाफ सबसे बड़ी ताकत है। यूक्रेन के मुद्दे पर, प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत शुरू से ही यूक्रेन मुद्दे पर शांति का पक्षधर रहा है। उन्होंने इस मामले के शांतिपूर्ण और स्थायी समाधान के लिए किए जा रहे सभी प्रयासों का स्वागत किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों पक्ष यूरेशियन आर्थिक संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौते को शीघ्र अंतिम रूप देने की दिशा में काम कर रहे हैं। श्री मोदी ने घोषणा की कि भारत जल्द ही रूसी नागरिकों के लिए 30-दिवसीय निःशुल्क ई-पर्यटक वीज़ा और 30-दिवसीय समूह पर्यटक वीज़ा शुरू करेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देश ध्रुवीय जलक्षेत्र में भारत के नाविकों के प्रशिक्षण पर सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि इससे न केवल आर्कटिक क्षेत्र में सहयोग मजबूत होगा, बल्कि भारत के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।

****

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि केंद्र सरकार ने तय किया कि फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य लागत में मुनाफे का 50 प्रतिशत जोड़कर तय किया जाएगा।

राज्यसभा में आज प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है।

****

हिसार में आज कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार की अध्यक्षता में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में 15 शिकायतों पर सुनवाई की गई। श्री कृष्ण लाल पंवार ने बताया कि 15 में से 11 शिकायतों का मौके पर ही निवारण कर दिया गया है जबकि चार को लंबित रखा गया है।

मीडिया से बातचीत में कैबिनेट मंत्री ने कहा कि अधिकारियों को आदमपुर में चल रहे सीवरेज और सड़क के कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करवाने के निर्देश दिए गए हैं। हिसार की पुरानी व ख़राब सीवरेज लाइन को बदलने के लिए सरकार के पास प्रस्ताव भेजा जाएगा।हिसार जिला सचिवालय में कार पार्किंग की व्यवस्था भी जल्द ही दुरुस्त की जाएगी।

****

केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय कल से 9 दिसंबर तक इंडिया पंचकूला के दशहरा मैदान में 11 वें भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव –आई आई एस एफ का आयोजन कर रहा है। इस बार आई आई एस एफ का आयोजन "विज्ञान से

समृद्धि: आत्मनिर्भर भारत के लिए" थीम पर किया जा रहा है। विज्ञान महोत्सव का उद्देश्य वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नवाचार को बढ़ावा देना तथा युवाओं को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में योगदान देने के लिए प्रेरित करना है।

पंचकूला के उपायुक्त सतपाल शर्मा ने बताया कि यह पहला अवसर है जब यह प्रतिष्ठित आयोजन उत्तर भारत में हो रहा है।इस विज्ञान महोत्सव में भारत के विभिन्न राज्यों से हज़ारों छात्र, युवा शोधकर्ता और विज्ञान प्रेमी भाग लेंगे। साथ ही, इसरो, डीआरडीओ एवं अन्य अग्रणी वैज्ञानिक संस्थानों के वरिष्ठ वैज्ञानिक तथा शोधकर्ता भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे और विभिन्न सत्रों एवं संवाद कार्यक्रमों में सहभागिता करेंगे। उन्होंने कहा, इसमें वैज्ञानिकों के बीच संवाद सत्र, तथा राष्ट्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप विभिन्न जन संपर्क गतिविधियाँ भी शामिल होंगी।

****

नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने इंडिगो उड़ानों के रद्द होने और देर होने से उत्पन्न हुई अभूतपूर्व स्थिति पर नागर विमानन मंत्रालय के नियंत्रण कक्ष की लगातार निगरानी करने का आदेश दिया है। श्री नायडू ने आज सुबह नियंत्रण कक्ष का दौरा किया और सभी हितधारकों में निर्बाध संपर्क सुनिश्चित करने के लिए इसके कार्य की समीक्षा की। हवाई अड्डा ऑपरेटरों, एयरलाइंस और हवाई यातायात नियंत्रण के डेटा को संग्रहीत किया जा रहा है और सभी एयरलाइनों विशेषकर इंडिगो के साथ उन्हें साझा किया जा रहा है। देश भर के सभी हवाई अड्डों पर परिचालन की सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए संसाधन जुटाने और समय पर सक्रिय कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं।

****

जींद के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आज मेगा अप्रेंटिसशिप एंव रोजगार मेले का आयोजन किया गया। हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिड्ढा मेले में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की और युवाओं को प्रोत्साहित किया।

****